# दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय
## गोरखपुर-273001
(नैक प्रत्यायित **'B++'** श्रेणी)

*सम्बद्ध*

दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर

☎ : 0551-2334549
: 09792987700
e-mail : dnpggkp@gmail.com
website : www.dnpgcollege.edu.in


दिनांक : 11.04.2025

# प्रकाशनार्थ

## बी.एड. चतुर्थ सेमेस्टर के प्रशिक्षुओं हेतु डायट भ्रमण का आयोजन

**दिनांक 11.04.2025 गोरखपुर। दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय के बी.एड. चतुर्थ सेमेस्टर के प्रशिक्षुओं हेतु जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, गोरखपुर के शैक्षिक भ्रमण का आयोजन किया गया।**

भ्रमण के द्वारा प्रशिक्षुओं ने डायट की कार्यप्रणाली, संरचना, एवं उसके उद्देश्य की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। इसके साथ ही प्रशिक्षुओं ने डी.एल.एड्. पाठ्यक्रम, सेवापूर्व एवं सेवारत प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्बन्धी विस्तृत जानकारी प्राप्त की। प्रशिक्षण हेतु टी.एल.एम. निर्माण, माड्यूल बनाना, शिक्षण शोध कार्य एवं नवाचार इत्यादि डायट के द्वारा किए जाने वाले महत्वपूर्ण कार्य हैं। डायट में कुल सात विभाग होते हैं सेवापूर्व विभाग (शिक्षण प्रशिक्षण विभाग), सेवारत विभाग (शिक्षक प्रशिक्षण विभाग), शैक्षिक तकनीक विभाग, कार्यानुभव विभाग, जिला संसाधन इकाई विभाग (डी.आर.यू.), पाठ्यक्रम निर्माण विभाग एवं मूल्यांकन, और नियोजन एवं प्रबंधक विभाग।

**डायट के प्रवक्ता श्री साहेबे आलम अंसारी ने विस्तारपूर्वक प्रशिक्षुओं को जानकारी प्रदान करते हुए भौतिक संसाधनों से भी परिचित कराया। इस अवसर पर चतुर्थ सेमेस्टर के समस्त प्रशिक्षुओं सहित विभाग के प्राध्यापक श्री राकेश कुमार सिंह एवं श्री प्रदीप कुमार यादव उपस्थित रहे।**

**(डॉ.) शैलेश कुमार सिंह**
प्रभारी, सूचना एवं जनसम्पर्क